हरिभूमि


गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 1 अगस्त 2026

06 युवाओं से नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण...



07 दो एक्सरे मशीन होने के बाद भी स्टाफ की कमी से केवल एक मशीन चालू!



समाचार संक्षेप

नशा मुक्त युवा से विकसित भारत विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



गुना। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, गुना में नशा मुक्त युवा से विकसित भारत विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर से आए युवाओं और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर. के. पथरोल जिला कमांडेंट, होमगार्ड, गुना एवं एच. एन.जाटव प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1, गुना उपस्थित रहे। संबोधन में अतिथियों ने कहा कि एक सशक्त और विकसित भारत का निर्माण केवल नशा मुक्त, अनुशासित और जागरूक युवा शक्ति के माध्यम से ही संभव है। कार्यक्रम में युवाओं की रचनात्मकता और सोच को निखारने के लिए नशा मुक्ति विषय पर आधारित वाद-विवाद, गायन, नृत्य, चित्रकला, काव्य पाठ और नारा लेखन जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कला के जरिए समाज को नशा मुक्ति का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं युवाओं ने एक स्वर में नशा मुक्त रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की सामूहिक शपथ ली।

नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अगस्त

गुना। नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़, जिला गुना में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2026 है। प्रवेश परीक्षा 28 नवम्बर 2026 को आयोजित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी वेबसाइट cbseitms.rcil.gov.in एवं www.navodaya.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

रेडक्रॉस के माध्यम से जरूरतमंदों को प्रदान की आर्थिक सहायता

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जरूरतमंद नागरिकों को रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की। आवेदक दिव्यांग सोनू जाटव पुत्र राम चरण जाटव निवासी ग्राम म्याना तहसील गुना ने स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये सहायता के लिये आवेदन दिया था। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में राजेश सेन निवासी बीनागंज ने स्वयं की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की कारण सहायता के लिये आवेदन किया था। दोनों आवेदनों पर विचार करते हुए कलेक्टर कन्याल ने दोनों आवेदनों पर दिव्यांग सोनू जाटव को 10 हजार एवं राजेश सेन को 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि रेडक्रॉस के माध्यम से स्वीकृत की।

जिले में 1 जून से अब तक 427.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

गुना। जिले में 1 जून से अब तक 427.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 40.5 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1142.1 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिमी है। जानकारी के अनुसार 01 जून से 31 जुलाई 2026 प्रातः 8:00 बजे तकगुना में 190.6 मिमी , बमौरी में 239.2, आरोन में 272.0, राघौगढ़ में 333.0, चांचौड़ा में 545.0, कुम्भराज में 655.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 757.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 7.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.0 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 13.0 मिमी., राघौगढ़ में 14.0 मिमी., चांचौड़ा में 6.0 मिमी., कुंभराज में 0.0 दर्ज की गई है।

हनुमान टेकरी से लौट रही झारखंड की युवती से सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास

गुना में निर्भया कांड जैसी हैवानियत: आधा दर्जन बदमाशों ने युवक-युवती को जंगल में घसीटा, एनएच-46 की घटना

मारपीट कर लूटी बाइक और मोबाइल पुलिस पहुंची तो आरोपी भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर गुरुवार रात इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई। हनुमान टेकरी से दर्शन कर लौट रहे युवक-युवती को आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। आरोपियों ने पहले दोनों को रोककर जंगल की ओर घसीटा, बेरहमी से मारपीट की और फिर युवती के कपड़े फाड़कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि दरिंदों ने उसके निजी अंग में लकड़ी घुसाने की भी कोशिश की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपी युवती को निर्वस्त्र अवस्था में छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले।

पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय मूल निवासी न्यूटाउन थाना क्षेत्र, कोलकाता तथा वर्तमान में हीरापुर, धनबाद (झारखंड) निवासी है। वह अपने साथी के साथ विजयपुर स्थित एनएफएल कॉलोनी से हनुमान टेकरी दर्शन कर लौट रही थी। रात करीब आठ बजे रिलायंस पेट्रोल पंप के पास तीन युवकों ने उनकी बाइक का पहिया पंचर होने की बात कहकर उन्हें रुकवाया। जैसे ही दोनों रुके, आरोपियों ने बाइक की चाबी निकाल ली। इसी दौरान तीन अन्य युवक भी वहां पहुंच गए और दोनों को जबरन सड़क से खींचकर जंगल में ले गए।

युवक को अलग किया, युवती से गैंगरेप की कोशिश

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जंगल में आरोपियों ने युवक को अलग स्थान पर ले जाकर बंधक बना लिया। इसके बाद तीन



बदमाशों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके हाथ कपड़ों से बांध दिए गए और डंडों व थप्पड़ों से बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़िता लगातार नाखून और दांतों से आरोपियों का विरोध करती रही।

निजी अंग में लकड़ी घुसाने का आरोप, गंभीर चोट आईं

पीड़िता का आरोप है कि जब उसने आरोपियों का विरोध किया तो एक बदमाश ने उसके निजी अंग में लकड़ी घुसाने का प्रयास किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इस दौरान बदमाशों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी और उनके मोबाइल फोन तथा मोटरसाइकिल भी लूट ली। प

पुलिस पहुंची तो निर्वस्त्र हालत में मिली युवती

घटना की सूचना मिलते ही धरनावदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर सभी आरोपी युवती को निर्वस्त्र अवस्था में छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए। पुलिस ने तत्काल पीड़िता को अस्पताल पहुंचाकर उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण कराया। गंभीर धाराओं में केस दर्ज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसधरनावदा थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 70(1), 127(1), 310(2) सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है।

इनका कहना है...

एबी रोड के पास कल सूचना मिली थी रात कि एक महिला के साथ लूट की वारदात करने की कोशिश की गई है। महिला द्वारा बताया गया कि जो लोग थे उनके द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया। लेकिन एक राहगीर ने देख लिया तो उसने डायल-100 को फोन कर दिया। जिसके बाद मौके पर डायल-112 और पुलिस तुरंत वहां पहुंची और महिला को सुरक्षित अपने साथ लिया। मामले पंजीबद्ध किया गया है। एक एसआईटी भी गठित की गई है। घटना में चार से पांच आरोपी हैं।

हितिका वासल, एसपी

पुरानी रंजिश में वारदात का आरोप, दूसरा पक्ष भी एसपी ऑफिस पहुंचा

श्रीराम कॉलोनी में घर में घुसकर युवक से बेरहमी से की गई मारपीट, अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की श्रीराम कॉलोनी में देर रात घटी एक वारदात के बाद सनसनी फैल गई। इंदौर से छुट्टियों में घर आए 45 वर्षीय लखन ओझा की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पड़ोसियों पर रंजिश के चलते घर में घुसकर लात-घूंसों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। गंभीर हालत में लखन को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घटनाक्रम के अनुसार, गुरुवार रात करीब आधा दर्जन लोग लखन ओझा के मुख्य दरवाजे पर पहुंचे और गेट खुलवाकर अंदर दाखिल हो गए। परिजनों का दावा है कि आरोपियों ने लखन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। परिवार वाले बीच-बचाव कर रहम की भीख मांगते रहे, लेकिन हमलावर तब तक पीटते रहे जब तक वह बेसुध होकर गिर नहीं गया। वारदात के बाद सभी मौके से भाग निकले। बताया जा रहा है कि लखन ओझा इंदौर में फर्नीचर का काम



करते थे और हाल ही में गुना आए थे। परिजनों के मुताबिक चार-पांच दिन पहले पड़ोसियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, उसी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया गया। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा का कहना है कि परिजनों के आरोपों के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती मुआयने में शरीर पर गंभीर चोटों के प्रत्यक्ष निशान नजर नहीं आए हैं, हालांकि विवाद और कहासुनी की बात सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है, जबकि एक अन्य की तलाश जारी है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

दूसरा पक्ष भी आया सामने

संदिग्ध मौत के इस मामले में हत्या के आरोप के बाद दूसरा पक्ष भी सामने आया है, जिसे दोपहर में एक पंचनामा सहित एसपी कार्यालय में शिकायत पत्र देते हुए न केवल इन आरोपों को झुठलाया है, बल्कि पुलिस पर अवैधानिक रूप से परिवार के सदस्यों को कोतवाली में बैठा लेने का आरोप भी लगाया है। इस दौरान दिए गए पंचनामे में बताया गया है कि विगत 27 जुलाई को सौरभ पुत्र रुप सिंह कुशवाह पर मृतक लखन ओझा द्वारा हमला किया गया था, जिससे उसके सिर व मुंह पर गहरी चोटें आईं, इसके बाद भी पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की है। इसी तरह दूसरी बार मारपीट किए जाने पर वे लखन के घरवालों के समक्ष उसे समझाने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने बोला कि हम भी मार रहे हैं, तुम भी मारो। इसके बाद हम घर आ गए थे। खुद परिजनों की मारपीट के बाद वे ही उसे अस्पताल ले गए और उसके मर जाने पर अब हत्या का आरोप लगा रहे हैं। यही नहीं एसपी को हेमराज पुत्र बालमुकुंद कुशवाह की ओर से दिए गए शिकायत पत्र में पुलिस पर आरोप लगाया गया है कि बब्लू, कल्याण, सौरभ, ओमप्रकाश कुशवाह निवासीगण श्रीराम कॉलोनी को पुलिस की एक टीम बीती रात लगभग 11 बजे ले गई, जिन्हें कि कोतवाली में जबरन बैठा रखा है, उन्हें न तो विधिक रूप से गिरफ्तार किया गया है और न ही इस गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी गई है, जिस पर से पूरे मामले की विस्तृत जांच की मांग की गई है।

मिलावट के विरुद्ध अभियान

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं डॉ राजकुमार ऋषीश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आमजन को खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों की जानकारी देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जागरुकता कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन एवं रवि शिवहरे की टीम ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुना में स्कूली छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की पहचान और उसकी रोकथाम के सरल उपाय बताते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। जागरुकता कार्यक्रम में दूध एवं दुग्ध पदार्थों में मिलावट की जांच हेतु घरेलू पहचान एवं स्पॉट परीक्षण के सरल तरीके बताए। साथ ही मिठाई एवं मसालों में फूड कलर, नकली चाँदी वर्क की पहचान बताते हुए न्यूज पेपर में खाद्य सामग्री रखने से न्यूज पेपर की इंक के दुष्प्रभाव समझाए। पैकिंग एवं पार्सल करते समय फूड साम्रगी हेतु फूड ग्रेड पॉलिथिन एवं प्लास्टिक कंटेनर का उपयोग, खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय संस्थानों पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता की जानकारी देते हुए आमजन के स्वास्थ्य संबंधी तथ्यों की जानकारी दी।

नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ व मारपीट का मामला निष्पक्ष कार्रवाई के लिए एसपी दफ्तर पहुंचे पीड़ित पिता-पुत्री

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत लालकुआँ गांव के पास अपनी नाबालिग बेटी का इलाज कराकर घर लौट रहे पिता-पुत्री के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली से असंतुष्ट पीड़ित पिता-पुत्री शुक्रवार को न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी को शिकायती आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आरोन तहसील के वृंदावन निवासी राजू पाल (40) ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि वह अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लालकुआँ गांव के पास आरोपी भूरा यादव और महेंद्र यादव ने उनकी बाइक रोक ली। पिता को पिटता देख जब नाबालिग बेटी बीच-बचाव करने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की।

शराब के लिए पैसे न देने पर युवक के साथ अभद्रता, बीच बचाव करने आई महिला पर पत्थर से किया हमला

गुना। जिले के धरनावदा थानांतर्गत पुलिस चौकी झागर क्षेत्र के ग्राम बक्सनपुर में शराब के लिए पैसे न देने पर एक युवक के साथ अकारण गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने आई पीड़ित की बुजुर्ग ताई पर आरोपी ने पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी युवराज यादव (35) अपनी पत्नी और ताई के साथ घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव का ही संदीप मराठा वहां पहुंचा और युवराज से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए झूमाझपटी करने लगा। जब पीड़ित की ताई शशि यादव बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपी ने पत्थर मार दिया, जिससे उनकी पीठ और कलाई पर चोटें आईं।

मन स्पेशल स्कूल में 62 दिव्यांगों को निरामया हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारत सरकार के राष्ट्रीय न्यास द्वारा संचालित निरामया हेल्थ इंश्योरेंस योजना के तहत गुरुवार को मन स्पेशल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर 62 मानसिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म और मल्टीपल डिसेबिलिटी से ग्रसित बच्चों को इंश्योरेंस पॉलिसियां वितरित की गईं। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 1 लाख रुपये तक का मेडिक्लेम दिया जाता है, जिसमें आईपीडी, ओपीडी, विभिन्न थेरेपी और जनरल मेडिसिन जैसी स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं। संस्था की डायरेक्टर डॉ. संध्या श्रीवास्तव ने अभिभावकों को पॉलिसियां प्रदान करते हुए योजना के लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर बी.एड. स्पेशल एजुकेशन के प्रोफेसर राहुल कुमार व प्रोफेसर रविंद्र कुमार, डी.एड. स्पेशल एजुकेशन के प्रोफेसर मोहम्मद शमीम, मन स्पेशल स्कूल की प्राचार्य निवेदिता सिंह भाटी और जिला समन्वयक इकराम खान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

टेकरी के पीछे बने फार्म हाउस के आंगन में बंधी दो भैंसे और पाड़ा चुरा ले गए बदमाश

ट्रैक्टर गोदाम से दो बैटरियां उड़ा ले गए अज्ञात चोर, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत टेकरी के पीछे स्थित एक फार्म हाउस के आंगन में बंधी दो भैंसे और एक पाड़ा अज्ञात बदमाश बीती रात चोरी कर ले गए। फरियादी की शिकायत पर कैंट पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मूलतः चिरोली चक्क निवासी उमेश कुशवाह (50) हाल निवासी टेकरी के पीछे तरुण जैन के फार्म हाउस पर अपने परिवार के साथ रहते हैं। बीते दिनों रात करीब 9 बजे परिवार सहित सोने के बाद जब तड़के 4 बजे उनकी नींद खुली, तो आंगन से दोनों भैंसें और तीन वर्षीय पाड़ा गायब थे। आसपास तलाश करने पर भी जब मवेशियों का सुराग नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित के मुताबिक चोरी गई भैंसों की उम्र लगभग 5 व 7 साल है, जिनके सींग मुड़े हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की सुरागकशी शुरू कर दी है।



इधर कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत एसआर फ्लोर मिल के पास स्थित सेठ एंड सन्स के ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल गोदाम से अज्ञात बदमाश दो फार्मट्रेक ट्रैक्टरों की बैटरियां चुराकर रफूचक्कर हो गए। फरियादी चौकीदार की शिकायत पर कैंट पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मालपुर निवासी पृथ्वीराज यादव (25) ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सेठ एंड सन्स के गोदाम पर चौकीदारी का काम करता है। बीते बुधवार की रात बारिश होने के कारण वह टीन शेड के नीचे बैठकर निगरानी कर रहा था। सुबह करीब 6 बजे जब उसने गोदाम में खड़े वाहनों का जायजा लिया, तो दो फार्मट्रेक ट्रैक्टरों की बैटरियां गायब थीं और उनके तार कटे पड़े थे। चौकीदार ने तुरंत घटना की जानकारी संचालक विनीत सेठ और राजा बडक़ुल को दी। इसके बाद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिले के धरनावदा के ग्राम बक्सनपुर में शराब के लिए पैसे न देने पर एक युवक के साथ अकारण गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने आई पीड़ित की बुजुर्ग ताई पर आरोपी ने पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव का ही संदीप मराठा वहां पहुंचा और युवराज से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए झूमाझपटी करने लगा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संदीप मराठा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

चांचौड़ा में अवैध गैस सिलेंडरों का परिवहन करते पकड़ाया टैक्सी चालक

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों का परिवहन कर रहे एक टैक्सी चालक को रंगे हाथों पकड़ा गया है। मामले में सहायक आपूर्ति अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते दिनों पुलिस चौकी बीनागंज से मिली सूचना के आधार पर सहायक आपूर्ति अधिकारी इंदु शर्मा और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिवराम सिंह कुशवाह ने संयुक्त रूप से टैक्सी क्रमांक आरजे 17 पीए 3776 को रोककर जांच की। निरीक्षण के दौरान वाहन से इण्डेन कंपनी के कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर 7 भरे एवं 3 खाली बरामद किए गए। पूछताछ में वाहन चालक सलमान खान निवासी वार्ड 15, बीनागंज सिलेंडरों के परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या बिल पेश नहीं कर सका। चालक ने बताया कि वह ये सिलेंडर मनोहर थाना राजस्थान स्थित इण्डेन गैस एजेंसी से लाकर बीनागंज सप्लाई करने जा रहा था।

समाचार संक्षेप

सड़क पर घूम रहे आवारा व निराश्रित गोवंश को लेकर प्रशासन की कार्रवाई



गुना। शहर एवं जिलेभर में सड़कों पर आवारा और निराश्रित गोवंश छोड़ने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शों और एसडीएम शिवानी पांडे की सख्ती के बाद अब धरातल पर कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में एसडीएम शिवानी पांडे द्वारा गठित दल ने संयुक्त रूप से आवारा गोवंश के संबंध में कार्यवाही की गई। ग्राम पंचायत बिलोनिया की गोशाला के क्षेत्र में दो खंभा तिराहे पर हाथ ठेला वालों के द्वारा फेंके जाने वाले सामान के कारण आवारा एवं निराश्रित गोवंश वहां पर इकठ्ठा हो जाता था। अधिकारियों द्वारा हाथ ठेला वालों को चेतावनी देते हुए जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस दौरान 850 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। तथा हाईवे पर उपलब्ध सभी गोवंश को बिलोनिया गोशाला में छोड़ा गया। साथ ही गोशाला संचालक को निर्देशित किया गया कि यदि कोई पशु मालिक अपने पशु को छुड़वाने आता है तो उस पर जुर्माने की कार्यवाही किए बगैर किसी का भी पशु को नहीं छोड़ा जाए। कार्यवाही में तहसीलदार मयंक तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुष्पेंद्र व्यास, यातायात पुलिस, थाना प्रभारी, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गौरव गुप्ता एवं एनएचएआई के अधिकारी सहित पंचायत स्तरीय अमला उपस्थित था।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन




राघौगढ़। पिछले 15 दिवस से चल रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन हुआ। मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार चल रहे इस कार्यक्रम में प्रतिदिन नवीन गतिविधियों का संचालन किया गया, जिसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, गीत-गायन प्रतियोगिता, कैरियर मार्गदर्शन, शैक्षणिक भ्रमण, गुरु शिष्य संवाद, नैतिक मार्गदर्शन, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम तिथि अनुसार आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में आज 15 दिवसीय इस कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य मनीष कुमार जैन के मार्गदर्शन में बालक बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किया एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पुष्प अर्पित कर उनका सम्मान किया। छात्र सत्यम भार्गव, प्रवीण ओझा एवं सुमित प्रजापति ने गुरु महिमा स्वरूप अपना भाषण प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया एवं छात्र राजीव वंशकार, राज वंशकार निबंध प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम के मध्य में वरिष्ठ शिक्षक ललित कुमार वास्त्री , अशोक मांगूलकर, लक्ष्मण सिंह अहिरवार मार्गदर्शन भविष्य की चुनौतियों के लिए सीख दी गई।

जेपी कॉलेज राघौगढ़ में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से किया संवाद

युवाओं से नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत राघौगढ़ स्थित जेपी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे, एसडीएम अमित सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, प्रबंधन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने तथा विकसित भारत-2047 के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सबसे पहले नारकोटिक्स एवं ड्रग्स से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कई बार युवा अनजाने में नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, जिसका गंभीर कानूनी परिणाम भी सामने आता है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से संबंधित मामलों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाती है और ऐसे मामलों में युवाओं का भविष्य प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई के दौरान कई ऐसे युवा सामने आते हैं जिन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं होता कि वे किस गंभीर अपराध में शामिल हो गए हैं। इसलिए प्रत्येक युवा को सजग रहकर नशे से दूर रहना चाहिए।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने पढ़ाई के दौरान हमेशा सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया और गलत संगति से स्वयं को दूर रखा। उन्होंने विद्यार्थियों से भी जीवन में सही मित्रों का चयन करने तथा अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने का आह्वान किया। उन्होंने विकसित भारत-2047 की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को यह सोचना चाहिए कि आने वाले वर्षों में वह स्वयं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से किस प्रकार सक्षम बनाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में कृषि आधारित नवाचारों एवं विभिन्न मॉडलों के माध्यम से अनेक लोगों ने 5 लाख, 8 लाख और 12 लाख रुपये तक की आय अर्जित करने में सफलता प्राप्त की है। यदि युवा सही दिशा में प्रयास करें तो वे भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि महाविद्यालय का समय जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है।

गोवंश से भरा कंटेनर पकड़ा 30 बछड़ों को कराया मुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

शुक्रवार सुबह बीनागंज में राजस्थान एवं बीनागंज के गो सेवकों की सतर्कता से गोवंश से भरा एक कंटेनर पकड़ा गया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान कंटेनर से 30 बछड़ों को मुक्त कराया गया। इनमें दो बछड़ों की मौत हो चुकी थी, जबकि चार घायल मिले। घायलों का उपचार कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार गौ सेवकों को गोवंश से भरे कंटेनर के गुजरने की सूचना मिली थी। इसके बाद राजस्थान के गौ सेवकों ने बीनागंज हाईवे पर कंटेनर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक तेज रफ्तार से वाहन लेकर भाग निकला। कंटेनर बीनागंज के मुख्य बाजार से होता हुआ भगवान दास पेट्रोल पंप तक पहुंचा, जहां राजस्थान और बीनागंज के गौ सेवकों ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया।सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। तहसीलदार मयंक खेमरिया भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। कंटेनर की तलाशी लेने पर उसमें 30 गोवंश के बछड़े ठूंस-ठूंसकर भरे मिले। दो बछड़ों की मौत हो चुकी थी और चार घायल अवस्था में पाए गए। सभी जीवित बछड़ों को सुरक्षित निकालकर चाचौड़ा स्थित गौशाला भेजा गया, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। गौ सेवकों ने बड़ी संख्या में गोवंश को बचाया ।

किसान नेता चौधरी का जाट महासभा ने माला पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



देश के किसानों की बुलंद आवाज किसानों के हक और अधिकारों के लिए हमेशा संघर्षरत रहने वाले भारतीय किसान यूनियन के चौधरी राकेश टिकैत एवं जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह अल्प समय के लिए गुना पहुंचे, इस दौरान एक निजी होटल में अखिल भारतीय जाट महासभा गुना के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की एवं कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। जाट महासभा गुना द्वारा दोनों किसान नेताओं का स्वागत सत्कार करते हुए उनको वीर तेजाजी महाराज एवं महाराजा सूरजमल की तस्वीरें भेंट की।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसानो के हितों के मुद्दों पर समाज को एकजुट होकर किसानो के साथ खड़ा रहना होगा। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानो को अपने हक़ और अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया है। उनकी जलाई हुई कृषि क्रांति की मशाल को जलाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। मध्यप्रदेश का किसान भी गंभीर कृषि चुनौतियों से जूझ रहा है आज किसान अपनी मूंग की फसल बेचने के लिए संघर्ष कर रहा है। डबल इंजन की सरकार किसानो की उर्वरक खाद की भी पूर्ति नहीं कर पा रही। बैठक में जिला अध्यक्ष जयसिंह जाट, देवेन्द्र सिंह सोलंकी, दीपक चौधरी, डॉ. देवेन्द्र सिंह राणा, ईश्वर सिंह जाट, अरविंद जाट, सिकंदर जाट, धर्मेन्द्र जाट, कुलदीप सोलंकी, युवा अध्यक्ष अमन जाट, लोकेश जाट, साहब सिंह जाट, मनोज जाट, युवराज जाट, संतराम जाट, दिनेश राणा, विक्की जाट उपस्थित रहे।

जीवन जिओ अभिनय की तरह और अभिनय में डूब जाओ : मुनिश्री

विधायक जयवर्धन सिंह ने धर्म सभा में पहुंचकर मुनि से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर महाराज ने राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला पर प्रवचन करते हुए कहा हर व्यक्ति जीवन में तरह तरह के नाटक कर रहा है और वह कलाकार बनना चाहता है। जो अभिनय करते हैं वे जीवन में तरह-तरह के पात्र बनते हैं। फिल्मी एक्टर जीवन में हजारों फिल्मों में हजारों तरह के पात्र बनकर अभिनय करते हैं आपने प्रेरणा दी जीवन में एक ही फिल्म बनाएं। जीवन जिओ अभिनय की तरह और अभिनय में डूब जाओ।

धर्म सभा में राघौगढ़ के लोकप्रिय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह आए। आपने आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया। मुनि श्रमण सागर जी, मुनि ओंकार सागर की चरण वंदना कर, श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने कहा राघौगढ़ नगर के प्रत्येक नागरिक का सौभाग्य है कि हमें आचार्य समय सागर जी महाराज की असीम अनुकंपा से मुनिराज का चातुर्मास राघौगढ़ में कराने का सौभाग्य मिला है। आपने कहा गत दिवस आरोंन नगर में विराजमान मुनि श्री के साथ जिन लोगों ने भी अभद्र एवं अशोभनीय व्यवहार किया है, उसकी मैं कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। जयवर्धन सिंह ने कहा गत वर्ष पंचकल्याणक के पावन अवसर पर पूज्य निर्यापक मुनि सुधा सागर जी महाराज के समक्ष हमने संकल्प लिया था कि राघोगढ़ में गौशाला था निर्माण कराएंगे।

नरवाई प्रबंधन यंत्र हैप्पी सीडर और स्मार्ट सीडर अनुदान पर खरीदने ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित

अशोकनगर। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के ऑनलाईन पोर्टल ई-कृषि यंत्र अनुदान (वेबसाइट) पर यंत्र हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर एवं जीरो ट्रिल सीडकम फर्टिलाइजर ट्रिल के आवेदन 4 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं। ये यंत्र गेंहू, धान एंव अन्य फसलो की कटाई उपरांत बिना जुताई किए सीधे बोनी हेतु अंत्यत उपयोगी है। ये खेत में बची नरवाई। पराली को जमीन में सीधे मिला देते हैं, जिससे किसानों को नरवाई/पराली जलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी और नरवाई। पराली खेत में खाद का कार्य करेगी। हैप्पी सीडर की अनुमानित कीमत रु 1.80 लाख से 2.20 लाख तक है तथा इस पर अनुदान 50 प्रतिशत, अधिकतम 92000 रूपये है। स्मार्ट सीडर की अनुमानित कीमत रु 1.80 लाख से 2.20 लाख है तथा इस पर अनुदान 50 प्रतिशत, अधिकतम 90200 रूपये है। जीरो ट्रिल सीडकम फर्टिलाइजर ट्रिल की अनुमानित कीमत रू 0.6 लाख से 0.7 लाख है तथा इस पर अनुदान 50 प्रतिशत, अधिकतम 35000 रूपये है। आवेदन हेतु पात्रता/आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, जमीन की खतौनी बी. 1 ,सहायक कृषि यंत्री अशोकनगर के नाम बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट ,ट्रैक्टर (45 एच. पी. से अधिक) आर.सी.,अ.ज./ अ.ज.जा. वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र ,कृषक के बैंक खाते की छायाप्रति आवश्यक है।

जुलाई में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों के सम्मान समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की उपस्थिति में माह जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में माह जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त हुए 20 शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में कलेक्टर साकेत मालवीय ने सभी सेवानिवृत शासकीय सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवकों ने अपने 3 दशकों से ज्यादा का समय शासकीय सेवा के लिये दिया है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक सेवानिवृति के पश्चात अपना अनुभव समाज के लिये दे जिससे आपके अनुभव का लाभ समाज को मिल सके। उन्होंने सेवानिवृत शासकीय सेवकों के स्वस्थ्य जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना की। सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गजेन्द्र सिंह चैहान, सफीक अहमद गौरी, तुलसीराम दोहरे, सीएमएचओ कार्यालय से देवेन्द्र कुमार दुबे, नरहरि प्रसाद चौबे, प्रकाश नारायण शर्मा, तहसील कार्यालय अशोकनगर से श्रीराम यादव, बीईओ कार्यालय अशोकनगर से रामसिंह ओझा, सोमलता पंत, बीईओ कार्यालय ईसागढ से चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, कल्याणसिंह चिडार, केदारसिंह लोधी, विजय कुमार इकबार,बीईओ कार्यालय मुंगावली से नारायण सिंह रघुवंशी, प्रतिपाल सिंह सुनेरिया, ई.ई.पी.एच.ई कार्यालय अशोकनगर से कमल कुमार शर्मा, जनपद पंचायत अशोकनगर से गजराज सिंह करोरिया,जल संसाधन विभाग अशोकनगर से अजय कुमार सक्सेना, आईटीआई अशोकनगर से सुरेश कुमार लोधा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी, अनिल खंतवाल संबंधित अधिकारी एवं सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के परिवार जन उपस्थित रहे।

हाईब्रिड मोड में करने का निर्णय

जिले में अब खाद का वितरण ई-प्रणाली से नहीं होगा

अशोकनगर। जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) के माध्यम से 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ की गई थी। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए 30 जुलाई 2026 से शासन द्वारा ई-विकास प्रणाली की व्यवस्थाओं के सरलीकरण हेतु गठित समिति की अनुशंसाओं के प्राप्त होने तक उर्वरक वितरण व्यवस्था प्रदेश में हाईब्रिड मोड में करने का निर्णय लिया गया है। उप संचालक कृषि अमित कुमार भदौरिया ने बताया कि हाईब्रिड मोड में उर्वरक वितरण करने के लिए निर्देशों का पालन कर कृषकों को उर्वरक प्रदाय किया जायेगा। 30 जुलाई 2026 तक ई-विकास से वितरित उर्वरक की मात्रा का अभिलेख संधारित कर रखा जायेगा। 30 जुलाई 2026 से आगामी आदेश तक जो उर्वरक किसानों को विक्रय किया जाएगा इस हेतु संबंधित दस्तावेजों का अनिवार्य रूप से संधारण किसान का आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाइल नम्बर, प्रदाय उर्वरक की कंपनी वार (यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी, एमओपी पृथक-पृथक) मात्रा सहित जानकारी, आवश्यक रूप से संधारित की जाएगी। विक्रय की गई मात्रा को बाद में पोर्टल पर इंद्राज करना होगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में समस्त डबललॉक केन्द्रों. एमपी एग्रो, सेवा सहकारी समितियों, निजी उर्वरक विक्रेताओं को हाईब्रिड मोड के माध्यम से समस्त दस्तावेज आधार नम्बर, ऋण पुस्तिका, मोबाईल नम्बर आदि संधारित कर कृषकों को उर्वरक प्रदाय करने के लिए सूचित कर दिया गया।

मलेरिया, डेंगू नियंत्रण के लिए टकनेरी में चलाया अभियान



अशोकनगर। जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के निर्देशन में गुरूवार को जिला मलेरिया सलाहकार यशवंत रघुवंशी द्वारा मलेरिया, डेंगू एवं चिकुनगुनिया की रोकथाम के लिए ग्राम टकनेरी में जलभराव वाले स्थानो पर बीटीआई दवाई डाली गई। साथ ही ग्रामवसियों को स्वच्छता के बारे में समझाईया दी गई। इस दौरान बताया गया कि अपने घरो के आसपास जल भराव न होने दे, कूलरो, पानी की टंकियों, गमलो एवं पुराने टायरों की नियमित सफाई करे, ताकि मच्छरो के प्रजनन स्थलों को नष्ट किया जा सके। भ्रमण में गोपाल कुशवाह एवं ग्राम टकनेरी की आशा कार्यकर्ता आरती कुर्मी भी उपस्थित रहे।



वन विभाग की टीम पर हुए हमले के बाद कार्रवाई न होने पर विरोध

सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम किरौला में लकड़ी भरकर ले जाने के मामले में ग्रामीणों ने वन कर्मियों पर हमला किया था, जिससे वनकर्मी कमलेश बाथम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उक्त मामले की रिपोर्ट मुंगावली थाने में दर्ज कराई गई थी। लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की है जिसके विरोध में वनकर्मी कलेक्टर कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे। वनकर्मियों ने सामुहिक रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि तत्काल हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो उन्होंने धरने की चेतावनी दी है। ज्ञापन में मांग की गई है कि घटना में जितने भी आरोपी हैं उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए। आरोपियों की चल अचल संपत्ति और अतिक्रमणों की जांच कर अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर की कार्यवाही की जाए तथा घायल वनकर्मी कमलेश बाथम के समुचित उपचार की व्यवस्था कर उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

शाढ़ौरा में 51 कांवड़ के साथ निकलेगी कांवड़ यात्रा, तैयारियां शुरू



शाढ़ौरा। शाढ़ौरा में श्रावण मास में सोमवार को 51 कांवड़ के साथ कावड़ यात्रा निकाली जाएगी, जो कि 10 अगस्त सोमवार को प्रातः 6 बजे अमोढ़ा रोड से ट्रैक्टर द्वार पीलीघटा के लिए प्रस्थान करेंगे वहां से जल भरकर नगर में नईसरांय रोड खड़िया मोहल्ला कुंड मोहल्ला, सदर बाजार, विमल मेडिकल, मेन रोड होते हुए कुंडलपुर धाम पहुंचेगी वहां विशाल जलाभिषेक, महाआरती एवं प्रसादी वितरण होगा।

महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशनलाल मिश्रा के सानिध्य में श्रावण माह के चलते द्वितीय दिवस पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से विधिवत अभिषेक किया गया एवं हवन भी किया गया।

शाम 4 बजे से महिलाओं द्वारा हरि कीर्तन भी किया जा रहा है भगवान नाम संकीर्तन भी प्रतिदिन किया जाएगा यहां पर भक्ति की बयार चल रही है पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि स्कंद पुराण के अनुसार श्रावण के जो शनिवार पढ़ते हैं उनको संपत शनिवार कहते हैं इन शनिवारों में हनुमान जी की पूजन करने से श्री शनि देव प्रसन्न होते हैं क्योंकि शिव शंकर शनिदेव के गुरु भी हैं इसीलिए सावन के शनिवार में पीपल पूजन एवं समी वृक्ष की पूजन की जाती है जो पंचमुखी हनुमान मंदिर पर लगे हुए हैं उन्होंने बताया कि किसी प्रकार भी शनि की दृष्टि ढैया सनी या साडेसाती सनी की दृष्टि अनुकूल हो जाती है और शनि देव कृपा करके उसको संपत्ति भी प्रदान करते हैं जो श्रावण के शनिवार को भोले बाबा का अभिषेक करते हैं हनुमान जी को चमेली के तेल और सिंदूर चढ़ाते हैं यहां पर अखंड ज्योति जल रही हैं और एक महीना तक इसी प्रकार के कार्यक्रम होते रहेंगे। इस वर्ष चार शनिवार संपत शनिवार पढ़ेंगे एवं चार सोमवार एक महीना में पड़ेंगे प्रतिदिन एक दो वृक्ष लगाने का हमारा नियम है प्रतिदिन वृक्ष लगाए जाते हैं यह कार्यक्रम अच्छी वर्षा और विश्व शांति के लिए किया जा रहा हैं।

लेटरल एंट्री 12वीं गणित से द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर

अशोकनगर। शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज अशोकनगर में सत्र 2026-27 के लिए इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्रों के प्रथम वर्ष में प्रवेश के दो राउंड की समाप्ति के उपरांत तीसरा आरंभ हो गया है। यह राउंड दिनांक 4 जुलाई से आरंभ होकर 14 अगस्त तक चलेगा। सीएलसी राउंड में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर 6 जुलाई से संस्था में उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के उपरांत उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश प्राप्त करने हेतु 6 जुलाई से 14 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संस्था में काउंसलिंग राउंड का आयोजन किया जाएगा। यह प्रवेश 10वीं कक्षा के अंको के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक छात्र सीएलसी राउंड का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराके सोमवार, बुधवार या शुक्रवार को संस्था में प्रवेश हेतु उपस्थित हो सकते है। कॉलेज में सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओ में शेष बची हुई सीटों पर प्रवेश प्रदान किया जा रहा है द्य उक्त प्रक्रिया सीटों के रिक्त रहने पर दिनांक 14/08/2026 तक संचालित की जाएगी। वहीं लेटरल एंट्री से कक्षा 12वी में गणित संकाय से उत्तीर्ण छात्रों के लिए सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्रारम्भ हो गया है। प्रवेश के उपरांत छात्रों को दो वर्ष में इंजीनियरिंग डिप्लोमा प्राप्त होगा। यह प्रवेश छात्रों को कक्षा 12वी (गणित संकाय) में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट से प्रदान किया जाएगा द्य ईटी के साथ साथ कंप्यूटर साइंस, एवं आईटी में बीटेक के इच्छुक छात्र इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेली कम्यूनिकेशन शाखा का चयन कर रहे हैं। वहीं इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल शाखाओं में भी भारी मांग के चलते सिमित सीटें उपलब्ध है। वहीं सिविल इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर में अपना कैरियर बनाने वाले छात्र सिविल में प्रवेश ले रहे हैं। यह रजिस्ट्रेशन 20 जून से आरंभ होकर 26 जुलाई तक किये गए थे, इसके साथ 25 जून से 30 जुलाई तक चॉइस फिलिंग की जाएगी। दिनांक 3 अगस्त से 8 अगस्त तक संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश प्रदान किया जाएगा।

सिविल कोर्ट आरोन जिला गुना (म.प्र.)
बी.एस. सोलंकी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड आरोन जिला गुना

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम)

MJCSUC - 2/2026

पवन कुमारी ..... वादी

विरूद्ध

सर्वसाधारण एवं अन्य..... प्रतिवादी

नियत दिनांक 16-09-2026

प्रेषिती - 1. सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी पवन कुमारी ने सर्वसाधारण के विरूद्ध नाम घोषणा हेतु वाद प्रस्तुत किया है तथा सर्वसाधारण को इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद पत्र का उत्तर अथवा आपत्ति देने के लिए उक्त संजात / हाजिर होने के लिए समन किया जाता है जिस किसी व्यक्ति को संजात/हाजिर होने के लिए समन किया जाता है जिस किसी व्यक्ति को उक्त दावे से आपत्ति हो तो वह स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनादेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित आपत्ति अथवा उत्तर दे सके ऐसे व्यक्ति जो आपत्ति पेश करना चाहते है को यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा अथवा आपत्ति का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे समस्त दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका दावा या प्रति दावा आधारित हो सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है यदि आप उपर बताई अवधी में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद का निपटारा एक पक्षीय कर किया जावेगाँ यह आज दिनांक 28-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

बी. एस. सोलंकी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड ओरोन, जिला गुना म.प्र.

खबर संक्षेप

शहर में शनिवार को विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा

अशोकनगर। विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक ने बताया कि 1 अगस्त को अशोकनगर शहर के ईसागढ रोड़ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र दुबे कॉलोनी,तायड़े कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, शिक्षक कॉलानी, राजमाता चैराहा, जेल रोड, गुना रोड, जिला चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट कोर्ट परिसर कलेक्ट्रेट आवास आदि में सुबह 9 से 11 बजे तक अति आवश्यक रखरखाब का कार्य किया जाएगा, उक्त अवधि में विधुत प्रदाय प्रभावित रहेगा।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूहाना निवासी मोहन पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र, अरविंद, राहुल और छोटू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छपरा निवासी बृजभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटे राजा, भागवती बाई, केशकली बाई और बबीता बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाकौनी निवासी अशोक शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रशात,बीनू और मोनू शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुमित शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोक, नवदीप,राजदीप और स्वदीप शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम डेलकवर थाना क्रांति लोधी क्षेत्र के अंतर्गत निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रकाश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मन्हेटी निवासी ओमप्रकाश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत शर्करा निवासी मिथुन केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रिंकू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जमाल निवासी हेमलता अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति माखन सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्री निवासी शिवराज आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर और फुल्वाबाई आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

एक दिन में 140 हो रहे हैं एक्सरे, कतार में खड़े होकर करना पड़ता है इंतजार


दो एक्सरे मशीन होने के बाद भी स्टाफ की कमी से केवल एक मशीन चालू!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल अशोकनगर का एक्सरा विभाग स्टाफ की कमी से जूझ रहा है, यहां के अस्पताल में कहने के लिए एक्सरा की दो मशीने हैं लेकिन स्टाफ की कमी से एक ही मशीन से एक्सरा हो पा रहे हैं, दूसरी मशीन स्टाफ की कमी से बंद है, यहां एक्सरा कराने वाले लोगों को कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। एक्सरा कराने वाले मरीजों की संख्या इतनी अधिक है लोगों को अपना नंबर आने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

जिले में सबसे अधिक एक्सरे अशोकनगर अस्पताल में होते हैं, चाहे अशोकनगर शहर के लोग हो या फिर जिले से आने वाले मरीज हों। उन सभी के एक्सरे यहां पर होते हैं। दरअसल घटनाओं से जुड़ै मरीजों के एक्सरे होते ही हैं साथ में जिन लोगों को चोटे आ जाती हैं और उन्हे अपना उपचार कराना होता है, उनका भी एक्सरा होता है, जिला अस्पताल में पिछले 4 वर्षों से एक्सरा निःशुल्क हो रहा है। यह बात अच्छी है कि जिला अस्पताल में डिजीटल एक्सरा मशीन है जबकि बाजार में एक्सरा कराने में 500 रूपए लगते हैं, लेकिन अस्पताल ने एक्सरा निःशुल्क कराने की सुविधा उपलब्ध कराई है जिसके कारण भी यहां पर एक्सरा कराने वालों की संख्या बड़ी है।

स्टाफ की कमी से एक ही मशीन से हो रहे एक्सरे



जिला अस्पताल है तो एक्सरा विभाग में उसी हिसाब से पदस्थापना भी होना चाहिए, स्टाफ की कमी के कारण दो मशीने होने के बाबजूद भी एक ही मशीन चालू है। स्टाफ का कहना है कि दो लोग ही यहां पदस्थ हैं, ऐसे में एक ही मशीन पर काम कर पा रहे हैं, एक मशीन चालू रहने के कारण काम बटने की जगह एक जगह अधिक होने की वजह से मरीजों को एक्सरा कराने के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है, नंबर आने के बाद ही रोगी का एक्सरा हो पाता है। एक्सरा कराने के लिए कतार में खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है, एक दिन में यहां लगभग 140 रोगियों के एक्सरा हो रहे हैं, इतनी बड़ी संख्या में पहले एक्सरा नहीं होते थे लेकिन अब यह संख्या बड़ी है।

रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली

यहां के एक्सरा विभाग में एक तो यहां कोई भी रेडियोलाजिस्ट नहीं है, जो थे वह पहले ही रिटायर हो चुके हैं, उसके बाद से कोई नहीं आया है जिसके कारण यह एक्सरा विभाग बिना रेडियोलॉजिस्ट के चल रहा है जिस डॉक्टर के द्वारा एक्सरा लिखा जाता है उसी डॉक्टर के द्वारा रिपोर्ट लिखी जाती है कि एक्सरा में क्या है, जबकि पहले रेडियोलॉजिस्ट लिखा करते थे, अब ऐसा नहीं है। यहां एक्सरा विभाग में अगर स्टाफ की बात करें तो मात्र दो ही लोग पदस्थ हैं, जबकि यहां के एक्सरा विभाग में मरीजों की संख्या को देखते हुए कम से कम 10 का स्टाफ होना चाहिए। विभिन्न थानों की पुलिस भी यहां घटनाओं से संबंधित घायलों को लेकर एक्सरा कराने के लिए आती है इन पुलिस वालों को भी एक्सरा कराने से लेकर लेने के लिए इंतजार करना पड़ता है।

एक्सरा कराने वाले रोगियों को दोपहर में रिपोर्ट मिलती है शाम को डॉक्टर को दिखा पाते हैं

एक्सरा कराने वाले रोगियों को रिपोर्ट लेने के लिए भी दोपहर में 1 से 2 बजे के बीच में आना पड़ता है जब तक सुबह की पारी वाले डॉक्टर चले जाते हैं। शाम को 5 बजे के बाद दूसरी पारी में डॉक्टर आते हैं तब उन्हें रिपोर्ट दिखाना पड़ता है इस तरह एक मरीज का पूरा दिन एक्सरा कराने से लेकर डॉक्टर को दिखाने में लग जाता है। एक्सरा विभाग के बाबू मनीष कुमार ने बताया कि गुरूवार को यहां की अस्पताल में 140 लोगों के एक्सरा किए गए थे, इस तरह की संख्या हर रोज सामने आ रही है।



कठोर कार्रवाई की मांग

नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में सकल हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सकल हिंदू समाज ने नाबालिग बालिका से कथित दुष्कर्म एवं अपहरण के मामले में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि नाबालिग बालिका के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया गया, उस पर विवाह का दबाव बनाया गया तथा उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया गया।

संगठन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने आरोपी राज खान को ब्यावर से गिरफ्तार किया है। सकल हिंदू समाज ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि इस प्रकार की घटनाओं के माध्यम से नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाया जाता है। संगठन ने मांग की है कि मामले की गहन जांच की जाए तथा यदि जांच में किसी संगठित आपराधिक गतिविधि या धर्मांतरण से जुड़े तथ्यों की पुष्टि होती है, तो संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। संगठन ने आरोपी की कॉल डिटेल की जांच, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई तथा अन्य वैधानिक कदम उठाने की भी मांग की। इसके अलावा आरोपी के मकान पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग भी ज्ञापन में की गई।



सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि सकल हिंदू समाज इस घटना की घोर निंदा करता है और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग करता है। ज्ञापन के दौरान सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों में बलवीर अमाही, केवल रजक (गौशाला), राजू खिमलासा, राजेश पलकाटोरी, अर्जुन रावसर, महेश हैदर, भैयालाल प्रानपुर, गोलू हिमजा, मिथुन गदुली, मुरारीलाल गहोरा, जयनारायण शाख्य, रामकृष्ण ट्रेलर, दीपक सोलंकी, हरवीर समरखेड़ी, धर्मेंद्र हुरेरी आदि रहे मौजूद।

एक इलाके में पानी गिरता है तो दूसरे इलाके में बारिश नजर नहीं आती

अशोकनगर जिले में वर्षा की रफ्तार धीमी, जिले में कहीं आज वर्षा हो रही है तो कहीं कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में वर्षा की रफ्तार धीमी है, जुलाई का महीना व्यतीत हो गया है, सावन का महीना चल रहा है, जून और जुलाई के महीने ने अशोकनगर जिले को निराश किया है। अशोकनगर जिले में वर्षा की रफ्तार धीमी चल रही है, जिले में कहीं आज बर्षा हो रही है तो कही कल, शहर में भी एक इलाके में पानी गिरता है तो दूसरे इलाके में बारिस नजर नहीं आती। जिसके कारण जिले में वर्षा कुल 37 प्रतिशत हुई है। पूरे जल स्त्रोत खाली पडे हैं।

जिले में अब तक हुई वर्षा की बात करें तो अशोकनगर में 212 मिलीमीटर,चंदेरी में 383 मिलीमीटर, ईसागढ़ में 180 मिलीमीटर, और मुंगावली में 543 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक अशोकनगर में 798 मिलीमीटर, चंदेरी में 1102 मिलीमीटर, ईसागढ में 1147 मिलीमीटर और मुंगावली में 1192 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जिले में चारों तहसीलों में वर्षा का प्रतिशत, अशोकनगर में 24.94 प्रतिशत, चंदेरी में 38.30 प्रतिशत, ईसागढ में 20.50 प्रतिशत और मुंगावली में 67.88 प्रतिशत वर्षा हुई है।

अशोकनगर जिले में अभी तक मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक वर्षा मुंगावली में 543 मिलीमीटर हुई है, मुंगावली में गत वर्ष भी आज दिनांक तक अच्छी वर्षा हुई थी, दरअसल मुंगावली का क्षेत्र सागर जिले से जुड़ा हुआ है, और सांगर जिले में जो वर्षा होती है उसकी एक पटटी मुंगावली से गुजरती है, जिसका असर मुंगावली में पड़ता है और मुंगावली को अच्छी बर्षा का लाभ मिल रहा है। मध्यप्रदेश में ग्वालियर चंबल संभाग में मानसून की वर्षा कमजोर है जिसका असर अशोकनगर जिले की शेष तहसीलों में भी पड़ रहा है। जिले की ईसागढ़ तहसील में मात्र 180 मिलीमीटर वर्षा हुई है जबकि अशोकनगर दूसरे क्रम पर है जहां वर्षा का आंकड़ा 212 मिलीमीटर का है।

अशोकनगर जिले की अशोकनगर तहसील में 850 मिलीमीटर औसत वर्षा मानी जाती है, गतवर्ष 1191 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यहां औसत वर्षा से 341 मिलीमीटर पानी गिरा था। इसी प्रकार चंदेरी में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1794 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यहां 794 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। जबकि ईसागढ में 878 मिलीमीटर औसत वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1590 मिलीमीटर बारिस हुई थी यहां 712 मिलीमीटर अधिक वर्षा हुई थी। इसी प्रकार मुंगावली में 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है, यहां गतवर्ष 1593 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, यानी 793 मिलीमीटर अधिक पानी गिरा था। पूरे जिले को औसत वर्षा के रूप में 882 मिलीमीटर वारिस की जरूरत है, गतवर्ष 1542 मिलीमीटर बारिस हुई थी और अभी तक 329 मिलीमीटर वर्षा हुई है, गतवर्ष की तुलना में अशोकनगर जिला 730 मिलीमीटर पीछे है।



महाविद्यालय में वनस्पति विभाग ने पर्यावरण सरंक्षण के तहत किया पौधारोपण

अशोकनगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के वनस्पति विभाग द्वारा पर्यावरण शिक्षण एंव संरक्षण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम एवं सस्टेनेबल एनवायरनमेंट अवेयरनेस ड्राइव के अंतर्गत पौधारोपण गतिविधि का आयोजन, साइंस ब्लाक, महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू राजेश एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस गतिविधि में महाविद्यालय के पूर्व छात्र श्री शुभम अग्निहोत्री (सहायक संचालक, उद्योग विभाग, श्योपुर) द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस गतिविधि में नीम के पेड़ के अतिरिक्त मेडिसिनल प्लांटस जैसे मीठे नीम के बीज रौपे गये, पत्थर चट्टा एंव इन्सुलीन आदि के पौधे लगाये गये। पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण का संदेश आज की वातावरण की बिगड़ती परिस्थितियों को नियंत्रित करने के लिये अति आवश्यक है। कहीं अति वर्षा, कहीं सूखा, बढ़ता तापमान ये सभी पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप को दर्शाते हैं।

मलबे की सफाई के दौरान फर्श टूटने से नीचे दिखी अजीब आकृतियां

प्राचीन बिहारी जी मंदिर में निर्माण के दौरान धंसी जमीन, रहस्यमयी तहखाना मिलने की चर्चा !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी नगर के डोलिया गेट स्थित ऐतिहासिक व अति प्राचीन श्री बिहारी जी मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक रहस्यमयी घटना सामने आई है। मंदिर समिति द्वारा पुरानी जर्जर दुकानों का जीर्णोद्धार व नई दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान बीते 17 तारीख को जब मजदूर सफाई कर मलबा हटा रहे थे, तभी अचानक जमीन का फर्श टूटकर नीचे धंस गया।

जब काम कर रहे मिस्त्री और बेलदारों ने नीचे झांककर देखा, तो वहां एक गहरा स्थान नजर आया। सूचना मिलने पर मंदिर समिति के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद जब एक कारीगर हिम्मत जुटाकर नीचे उतरा, तो उसने वहां प्राचीन व अजीब किस्म की आकृतियां बनी देखीं। कारीगर के अनुसार, नीचे से एक सांप भी निकला, जिसके बाद भगवान का नाम लेकर वह तुरंत ऊपर लौट आया। सुरक्षा के लिहाज से उस जगह को फिलहाल अस्थायी रूप से ढंक दिया गया।



इलाके में खजाने की अफ़वाह, अमला मुस्तैद



घटना की खबर जंगल में आग की तरह पूरे नगर में फैल गई और परिसर में गुप्त खजाना होने की चर्चाएं जोर पकड़ने लगीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर समिति के सदस्यों ने दोपहर लगभग 1 बजे एसडीएम को घटनाक्रम से अवगत कराया। सूचना मिलते ही एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा, एसडीओपी महेश शर्मा और थाना प्रभारी प्रशांत यादव पुलिस बल तथा आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट (पुरातत्व विभाग) के स्थानीय अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, स्थान सील

प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना या सुरक्षा में चूक से बचने के लिए फिलहाल उस स्थान को पूरी तरह सील कर दिया है। पूरे परिसर की 24 घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पुलिस बल तैनात किया गया है।

इनका कहना है

यह मामला हमारे संज्ञान में आया है। चूंकि मंदिर काफी प्राचीन है,इसलिए हमने तुरंत आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट भोपाल को सूचना दे दी है। भोपाल से विशेषज्ञों की टीम आकर स्थल का निरीक्षण और वैज्ञानिक जांच करेगी। जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि वहां क्या है। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से जगह को सील कर सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है।

मनीष धनगर, एसडीएम चंदेरी।



रोटरी क्लब अशोकनगर ने उत्कृष्ट कार्यों के साथ अपनी विशिष्ट पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रोटरी प्रांत 3053 की गवर्नर निशा शेखावत द्वारा अजमेर के मेरवाड़ा होटल में आयोजित वार्षिक सम्मान एवं आभार समारोह में रोटरी क्लब अशोकनगर को सात अवार्ड देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर रोटरी क्लब 2025-26 के अध्यक्ष अजित कुमार जैन सपत्नीक उपस्थित रहे एवं सम्मान प्राप्त किये।

रोटरी के मीडिया प्रभारी सुभाष जैन कैंची ने जानकारी देते हुए बताया कि गत सत्र के कार्यो के आधार पर क्लब को रोटरी क्लब सृजन सम्मान इंटरेक्ट क्लब संस्कृति स्कूल में प्रारंभ करने पर, अशोकनगर गवर्नर विजिट अवार्ड,डिस्ट्रिक्ट गवर्नर साइटेशन अवार्ड ,कम्युनिटी सर्विस मेडिकल मिशन, (स्वास्थ कैंप के लिए), मेम्बरशिप ग्रोथ, स्वस्थ रत्न सम्मान (आई कैंप आयोजन के लिए) सुपर स्टार प्रेसिडेंट अवॉर्ड अजित जैन बीमा तत्काल पूर्व अध्यक्ष को। इस उपलब्धि पर रोटरी असिस्टेंट गवर्नर अमित गोयल, सत्र 2025-26 के रोटरी अध्यक्ष अजित कुमार जैन,रोटरी सचिव अक्षय जैन व उनकी पूरी टीम को वरिष्ठ रोटेरियन रोशन कोहली, डॉ. राकेश जैन, गुप्ता, सुभाष जैन कैंची, प्रदीप मानोरिया,राजेश सेठ, विष्णु अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, विजय चैधरी,संजीव जैन, विनोद सोनी, अशोक अग्रवाल आदि ने बधाईयां और शुभकामनायें दीं हैं।

लोगों को उमस से मिली राहत, किसानों के चेहरे भी खिले

जिला मुख्यालय पर देर शाम 20 मिनट हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला बारिश की कमी से जूझ रहा है, बारिश की कमी से जल स्त्रोत संकट के दौर से गुजर रहे हैं किसानों की फसल भी अच्छी स्थिति में नहीं हैं। इन सब के साथ उमस भरी गर्मी के कारण लोग परेशान है कई लोगों को बेचैनी और घबराहट की शिकायत भी हो रही हैं। बारिश नहीं होने के कारण आमजन बीमारियों से शिकार हो रहे हैं।

घटाएं आती हैं और चली जाती हैं

अशोकनगर जिले में वर्षा की कमी इस बार एक जैसी नजर आ रही है उसे देखते हुए लग रहा है कि अशोकनगर जिले में मानसून आया ही नहीं है जो भी वर्षा हो रही है वह टुकडों में और खंड-खंड वर्षा के रूप में हो रही है। इस वर्षा के कारण पानी की कमी बनी हुई है जब भी आकाश में बादल आते हैं ऐसा लगता है बारिश का मौसम बन रहा है। शहर के लोग अलर्ट हो जाते हैं और खुशी जाहिर करते हुए इस बात की प्रतीक्षा करते हैं कब शहर के आकाश पर आने वाली काली घटाएं बरसे। लेकिन काली घटाएं आती है और आकर चली जाती है अगर घटाएं आती भी है तो 15 से 20 मिनट वर्षा होती है और वर्षा का दौर खत्म हो जाता है।



शुक्रवार को मात्र 20 मिनट वर्षा हुई और घटाएं चली गईं

जिले में यह वर्षा अगर एक स्थान पर हो रही है तो दूसरे स्थान पर नजर नहीं आती इस वर्षा के कारण ऐसा ही सबकुछ शुक्रवार को देर शाम शहर में देखने को मिला। 15 मिनट बारिश हुई, लग रहा था कि अच्छी वर्षा होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि लोगों ने इस वर्षा से राहत महसूस की है लेकिन वर्षा की जरूरत जिले को है वह पूर्ति नहीं हो पा रही है। लोग इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि कब मेघ मल्हार के गीत गाए जाएं कब वर्षा हो और कब प्रकृति एक नए परिधान से सुसज्जित हो जाए।

अगस्त का महीना ही कर सकता है बारिस की कमी की पूर्ति

इस बात की सभी को प्रतीक्षा है इसी प्रतीक्षा में जून और जुलाई के महीने गुजर गए हैं अगस्त का महीना शुरू हो गया है सावन का महीना बरसात का महीना कहा जाता है अब सब कुछ अगस्त के महीने पर निर्भर है, अगर अगस्त का महीना अशोकनगर जिले में मेहरबान होता है तो वर्षा की कमी इस महीने में पूरी हो सकती है।



मण्डी के पुराने मैन गेट के सामने का रास्ता बारिस में मुसीबत बना

शुक्रवार की शाम को 20 मिनट वर्षा हुई, वर्षा के बाद शहर में कई स्थान ऐसे भी हैं जिन्हें नगर पालिका दुरूस्त करा चुकी है। उससे जरूर लोगों को राहत मिली है, लेकिन अशोकनगर की पुरानी मंडी जाने वाले मार्ग पर डामिरीकरण नहीं होने के कारण मंडी से आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वराज शोरूम से मंडी के गेट तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जबकि बायपास रोड से सड़क का निर्माण मंडी तक हो चुका है। जो मंडी का पहले मुख्य द्वार हुआ करता था उस सड़क पर मुख्य द्वार के बाहर भी पानी भर रहा है और सड़क के बीच में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण यहां भी पानी भरा हुआ होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर इस मार्ग पर भी सड़क का निर्माण हो जाए तो यहां रहने वाले लोगों को भी सुविधा होगी और वर्षा काल के दिनों में इस तरह के गडडों में पानी भरने से लोगों को मुक्ति मिल सकेगी।

जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोषण आयोग ने ग्राहक के पक्ष में सुनाया फैसला

देश की नामचीन वर्लपूल कंपनी पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

फ्रीज खरीदने के कुछ दिनों में खराब हुए डोर को भी बदलना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इलेक्ट्रॉनिक्स आयटम विक्रेता कंपनी वर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड पर राजगढ़ जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोषण आयोग ने 10 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। उपभोक्ता सेवा में कमी के चलते यह फैंसला सुनाया गया है। संबंधित ग्राहक ने सेवा में कमी के चलते आयोग की शरण ली थी। मामले में उपभोक्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जे.पी.शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत राजगढ़ निवासी उपभोक्ता दिनेश कुमार बैरागी द्वारा विवेक इंटरप्राइजेज, राजगढ़ से एक वर्लपूल कंपनी का डबलडोर रेफ्रिजरेटर खरीदा गया था।

फ्रीज खरीदने के कुछ ही दिनों बाद उसका डोर (दरवाजा) क्षतिग्रस्त हो गया और उसके कांच टूट-फूटकर फ्रीज के अंदर-बाहर गिरने लगे जिसके चलते पूरे नए फ्रीज का रंग-रूप ही बदल गया।



उपभोक्ता ने दुकानदार सहित कंपनी को कराया अवगत

नए फ्रीज का डोर कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त होने पर उपभोक्ता श्री बैरागी द्वारा रेफ्रिजरेटर में आयी इस समस्या से दुकानदार और निर्माता कंपनी को अवगत कराया गया। दुकानदार ने शिकायत को गंभीरता से लेकर अपना मैकेनिक उपभोक्ता के घर भेजा जिसमें उपभोक्ता की शिकायत सही पाई गई। मैकेनिक ने कहा कि फ्रीज के क्षतिग्रस्त डोर पर रेडियम लगा देते हैं। उपभोक्ता द्वारा रेडियम लगवाने से मना कर दिया कि रेडियम लगाने से उसका डोर ठीक नहीं होगा। उपभोक्ता द्वारा दुकानदार से निवेदन किया कि उसके रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदल दे। इस पर दुकानदार ने उपभोक्ता की शिकायत का निराकरण कंपनी से करवाने का आश्वासन दिया ओर कहा कि शिकायत कंपनी को भेजी जा चुकी है। लंबे समय उपरांत भी जब कंपनी द्वारा ग्राहक श्री बैरागी की शिकायत का निराकरण नहीं किया ओर न ही रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदला।

परेशान ग्राहक पहुंचा उपभोक्ता आयोग

परेशान ग्राहक द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण ली ओर अपने अधिवक्ता जे.पी.शर्मा के माध्यम से परिवाद लगाया। जिला उपभोक्ता अदालत राजगढ़ द्वारा आदेश पारित करते हुए वर्लपूल कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को 02 माह के अंदर उपभोक्ता के क्षतिग्रस्त रेफ्रिजरेटर के निचले डोर को बदलने सहित उपभोक्ता को हुई आर्थिक व मानसिक क्षति के रूप में 10 हजार रुपए हर्जाना दिए जाने का आदेश दिया गया है। आयोग अध्यक्ष सुरेश कुमार चैबे, सदस्य सुरेंद्र सक्सेना, सीमा सक्सेना की बेंच ने देश की जानी मानी कंपनी के खिलाफ यह फैसला पारित किया है।

मंडियों में मंडी शुल्क 1 से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत वृद्धि वापस लेने की मांग

उपज पर शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में शुक्रवार को सारंगपुर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसान नेताओं और व्यापारियों ने उप मंडी संडावता में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम मंडी प्रभारी अधिकारी राजेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में राजा साहब जिंदाबाद और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मंडी शुल्क में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी का सीधा असर किसानों और



व्यापारियों पर पड़ेगा। उनका कहना था कि इससे कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ेगी, जिसका अंतिम बोझ किसानों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने यह निर्णय किसान और व्यापारी संगठनों से चर्चा किए बिना लिया है। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की कि अंतिम निर्णय होने तक मंडी शुल्क को तत्काल प्रभाव से 1.5 प्रतिशत से घटाकर पूर्ववत 1 प्रतिशत किया जाए। साथ ही किसान एवं व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर व्यापक किसान हितैषी नीति बनाई जाए तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की शुल्क वृद्धि से पहले किसानों और व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दी जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने इस निर्णय को किसान और व्यापारी विरोधी बताते हुए सरकार से पुनर्विचार की मांग की। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव देवीसिंह धाकड़, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुरलीधर खाती, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेश मालवीय, जनपद सदस्य बनवारीलाल मालवीय, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सिंह चैहान सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने किसानों की उपज खरीदी पर टैक्स बढ़ोतरी का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदी पर टैक्स बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि उपज मंडी कुरावर में प्रदर्शन करते हुए मंडी सचिव को मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से टैक्स वसूली संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमंत महाराज प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरावर के नेतृत्व में उद्योग एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



राजेंद्र राठौर द्वारा यह ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों की उपज खरीदी पर टैक्स बढ़ने से किसानों और कृषि व्यापार से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रेम किशोर मीणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खुर्शीद मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश दला, जनपद सदस्य मनीष नागर, जनपद सदस्य कमला प्रसाद शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रविंद्र मीणा, पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार चैकसे, राजेंद्र प्रसाद (अधिवक्ता), पार्षद लखन चैहान, पार्षद सचिन गिरी, मंडल अध्यक्ष नवल सिंह सोंधिया, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण मीणा, कर्मकार एवं कर्मचारी संघ प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन मीणा, रोहित मीणा, डॉ. जितेंद्र चंद्रवंशी, आफताब अली, चिंटू राजपूत सहित कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्यालय की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली

टेटवाल ने सांदीपनि विद्यालय मऊ का किया निरीक्षण निर्माण कार्यों की समीक्षा कर छात्राओं से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मऊ स्थित सांदीपनि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर पहुंचने पर छात्राओं ने पुष्प भेंट कर राज्य मंत्री टेटवाल का स्वागत किया। इसके बाद डॉ. टेटवाल ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया और उनकी पढ़ाई, भविष्य के लक्ष्य तथा विद्यालय की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए मन लगाकर अध्ययन करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्एक पेड़ मां के नामश अभियान के तहत राज्य मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से पौधों की नियमित देखभाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण ही समृद्ध एवं सशक्त भारत की आधारशिला हैं। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक अधोसंरचना उपलब्ध कराना है। मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विष्णु पाटीदार, सरपंच रईस मंसूरी, कमल राठौर,मोहन लववंशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

देश-विदेश में सबसे किफायती दर पर बहनों का प्यार पहुंचाएगा डाक विभाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन पर भारतीय डाक विभाग एक बार फिर बहनों की भावनाओं को देश और विदेश तक सुरक्षित एवं सबसे किफायती दरों पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। डाक विभाग द्वारा राखियों को स्पेशल मेल के रूप में प्राथमिकता के साथ भेजने की व्यवस्था की गई है, ताकि बहनों का स्नेह समय पर अपने भाइयों तक पहुँच सके। पोस्टमेन निलेष वर्मा ने बताया कि ब्यावरा क्षेत्र के जो नागरिक अपनी राखी पार्सल विदेश भेजना चाहते हैं, वे मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं और राजगढ़ क्षेत्र के नागरिक मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। डाक विभाग के प्रतिनिधि घर से ही राखी/पार्सल प्राप्त करेंगे तथा बुकिंग की रसीद भी उपलब्ध कराई जाएगी।

वहीं, देश के किसी भी हिस्से में राखी पार्सल भेजने के लिए नागरिक अपने क्षेत्र के पोस्टमैन से संपर्क कर इस घर-घर संग्रह सुविधा का लाभ ले सकते हैं। सभी नागरिकों से अपील की है कि वे रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर भारतीय डाक विभाग की विश्वसनीय, सुरक्षित और किफायती सेवा का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि प्रेम और विश्वास का यह अनमोल बंधन समय पर अपनों तक पहुंच सके।

आधुनिक तकनीक से किया गया ऑपरेशन

जिला अस्पताल में जन्मजात जटिल बीमारी एनकाईलोग्लोसिया की सफल सर्जरी की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अपनी लापरवाहियों, अव्यवस्थाओं सहित अन्य कमियों के चलते अक्सर चर्चा में रहने वाले जिला चिकित्सालय से अच्छी खबर आई है। अस्पताल में एक 03 वर्षीय मासूम बच्चे का आधुनिक तकनीक से एनकाईलोग्लोसिया नामक बीमारी का सफल ऑपरेशन हुआ है। शल्य चिकित्सक डॉ. अंकुर देशवाली के नेतृत्व में चिकित्सकों ने इस जन्मजात बीमारी का उपचार करके दिखाया है। जानकारी के अनुसार 3 वर्षीय दुर्गेश पुत्री शिवप्रसाद निवासी सेकनपुर तहसील खिलचीपुर जन्म से सेरेब्रल पाल्सी एवं एनकाइलोग्लोसिया नामक बीमारी से पीड़ित था। इस गंभीर समस्या के कारण उसकी जीभ, मुंह के निचले भाग से चिपकी हुई थी, जिससे वह स्पष्टतः बोल नहीं पाता था। डॉ. देशवाली ने बताया कि बच्चे की सर्जरी फ्रेनुलेक्टॉमी अत्याधुनिक बाइपोलर कॉटरी तकनीक से की गई। इस प्रक्रिया में बिना किसी बड़े



चीरे, बिना टांके और अत्यंत कम रक्तस्राव के ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया जाता है। पारंपरिक सर्जरी की तुलना में यह तकनीक अधिक सुरक्षित, कम दर्द वाली एवं शीघ्र रिकवरी वाली है। इसके साथ ही मरीज को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

यह भी थे चिकित्सकीय टीम में शामिल

इस जटिल ऑपरेशन में डॉ. देशवाली सहित एनेस्थीसिया(बेहोंश करने वाले डॉक्टर) डॉ. बृजेश वर्मा, ऑपरेशन थिएटर स्टाफ नीतू एवं ज्योति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के मार्गदर्शन में इस प्रकार की सफल सर्जरी से जिला चिकित्सालय राजगढ़ में उपलब्ध आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ सेवाओं पर आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है।

किसान 15 तक कराएं फसलों का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ अधिकाधिक किसानों को दिलाने के उद्धेश्य से फसल बीमा माह की अवधि आगामी 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार के निर्देशानुसार यह निर्णय किसानों की सुविधा एवं अधिक से अधिक बीमा कवरेज सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। पूर्व में यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित किया जा रहा था, जिसे अब 15 अगस्त 2026 तक विस्तारित कर दिया गया है। विस्तारित अवधि के दौरान जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी जाएगी तथा अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

प्राकृतिक आपदा से मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बीमा कंपनियों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे 15 अगस्त 2026 से पूर्व अपनी खरीफ फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, सूखा अथवा अन्य जोखिमों से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा एवं राहत मिल सके।

सालरिया खेड़ी हाई स्कूल में बांटी साइकिल



सुठालिया। शासकीय हाई स्कूल सालरियाखेड़ी में शुक्रवार को शासन की योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच भारतसिंह मालवीय मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद जनशिक्षक अरविंद मीना और पवन सौलंकी की उपस्थिति में छात्राओं को साइकिलें सौंपी गईं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। स्कूल की कई छात्राएं 3 से 4 किलोमीटर दूर के गांवों से पैदल आती थीं। बरसात और गर्मी में उन्हें काफी दिक्कत होती थी। अब साइकिल मिलने से उन्हें स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी।

मांगों का शीघ्र निराकरण न होने पर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में घेराव की बात कही

जनहितैषी मांगो को लेकर कांग्रेसियों ने आवेदन सौंप लगाए भेदभाव के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर परिषद में नगर कांग्रेस माचलपुर ने अपने वार्ड पार्षदों को साथ लेकर नगर की जनहितैषी मांगो को लेकर एक आवेदन नगर परिषद उपाध्यक्ष के लेटर पैड पर नगर परिषद सीएमओ देवेंद्र वत्स को दिया। जिसमे दीवान कुंडी अतिक्रमण मुक्त करने, वार्ड क्रमांक 15 की पानी की टंकी को शीघ्र शुरू करने साथ ही पेयजल शुद्धि करण में घटिया सामग्री सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया, नगर में हो



रही गंदगी को साफ कर और उनसे पनपे मच्छर से निजात के लिए दवाई छिड़की जावे, शिव मंदिरों के आस पास साफ सफाई, गुप्तेश्वर व बागेश्वर महादेव मंदिर के पास बाथरूम की व्यवस्था, शहीद कल्याण शर्मा चैराहे पर लाखो रुपए खर्च कर जो तिरंगा लगाया जो लंबे समय से नही लगा हुआ है उसे आकार अनुरूप शीघ्र लगाया जावे, कायाकल्प योजना में हुए घटिया निर्माण के कारण हुए रोड के गड्ढों की शीघ्र मरम्मत करवाने, वार्ड 6 में सीसी रोड निर्माण,वार्ड 8 में सुवर पालन से लोगो को परेशानी होने का उल्लेख किया। पार्षद दयाराम राठौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र व्यक्ति को लाभ ना दे अपात्र लाभ देने की बात कही। साथ ही कांग्रेसी वार्डो में भी भेदभाव करने की बात कही। मांगों का शीघ्र निराकरण न होने पर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में घेराव की बात कही। पत्र सौंपते समय नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र गोयल युवा अध्यक्ष सुरेंद्र गुर्जर, पार्षद दयाराम राठौर, रामचंद्र वर्मा,बालचंद गुर्जर, राजेश राठौर, प्रकाश सोनी मौजूद रहे।

कृषि कार्य करने के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

लीमाचैहानथाना अंतर्गत ग्राम खेरचाखेड़ी में कृषि कार्य के दौरान करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खेरचाखेड़ी निवासी दुलेसिंह पिता भागीरथ (52) खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे।



यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराने के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

जानवरों के अवशेष कीचड़, प्लास्टिक और पॉलिथीन के बीच खुले में सड़ रहे

स्वच्छता की खुली पोल, मीट मार्केट का गंदा पानी डैम में जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

स्वच्छ भारत और स्वच्छ जीरापुर के बड़े-बड़े दावे नगर के बीच स्थित आवास कॉलोनी छापी डैम के समीप लगे मीट मार्केट के कारण दम तोड़ रही हैं। नगर का यह मीट मार्केट आज गंदगी का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है, जहां इंसान का खड़ा रहना भी दूभर हो गया है।वहां कि स्थिति स्पष्ट है मार्केट के पीछे खाली मैदान में मरी हुई मछलियां, उनके कटे हुए सड़े टुकड़े, मुर्गा-मीट वेस्ट और जानवरों के अवशेष कीचड़, प्लास्टिक और पॉलिथीन के बीच खुले में सड़ रहे हैं। जगह-जगह हड्डियों और खून से सनी पॉलिथीन के ढेर लगे हैं। इस सड़े हुए वेस्ट को कौवे, कुत्ते और आवारा मवेशी नोच-नोच कर उस रहवासी इलाके में फैलाते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भयावह दुर्गंध फैली हुई है।



नियम सिर्फ कागजों में हकीकत में नर्क

नियमानुसार मीट मार्केट का वेस्ट गड्ढा खोदकर निस्तारित किया जाना चाहिए और पानी को ट्रीटमेंट के बाद ही छोड़ा जाना चाहिए। लेकिन यहां नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मीट मार्केट का गंदा पानी नाली के माध्यम से छापी डैम में भी मिल रहा है। इसी डैम का पानी शुद्ध पेयजल के रूप में नगरवासियों को सप्लाई किया जाता है। इस कारण लोगों को पीने के पानी में अशुद्धि और बदबू की शिकायतें मिलती रहती हैं।

बीमारियों का खतरा, लोग आक्रोशित

गर्मी और बरसात में यहां मच्छर, मक्खी और कीड़े इतने बढ़ जाते हैं घरों में बैठना मुश्किल हो गया है। टाइफाइड, डायरिया और स्किन की बीमारियों का खतरा लगातार होने की संभावना बनी है।क्षेत्र के रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि 'मीट मार्केट को तुरंत नगर की सीमा से बाहर शिफ्ट किया जाए'। उन्होंने मांग कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे ' आंदोलन करने को मजबूर होंगे।हालांकि पूर्व में अनेकों बार प्रशासन, नगर परिषद को समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित कर यह सारा मामला संज्ञान में लाया जा चुका है , इतना ही नहीं इस मामले में विधायक हजारीलाल दांगी ने हस्तक्षेप कर विगत वर्ष पत्रकारों जनप्रतिनिधियों, एवं नागरिक गणों के साथ मौका देखकर तत्काल मीट मार्केट हटवाने तथा शुद्ध जल सप्लाई के लिए निर्देशित किया था लेकिन नगर परिषद ने इस समस्या को अनदेखा किया।

इनका कहना है...

नगर में तीन टंकियां है जिनमें ट्यूब वेल से तथा बीच-बीच में फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई किया जाता है।
-सुनील नागर, जल शाखा प्रभारी नगर पालिका जीरापुर।

श्रावण में शिव की आराधना का विशेष महत्वः हरिओम महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर में कई वर्षों से आयोजित हो रहे रुद्राभिषेक कार्यक्रम के दौरान कथावाचक हरिओम महाराज ने श्रावण मास के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र काल माना जाता है। इस माह में श्रद्धालु व्रत, पूजन, जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक के माध्यम से भोलेनाथ की उपासना कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। महाराज ने बताया कि शिव पुराण एवं स्कंद पुराण के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान शिव ने विषपान कर सृष्टि की रक्षा की थी। विष के प्रभाव को शांत करने के लिए देवताओं ने उन्हें गंगाजल अर्पित किया, तभी से श्रावण मास में शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद एवं गंगाजल चढ़ाने की परंपरा प्रचलित हुई। सावन सोमवार व्रत आत्मसंयम, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक हैं।

